हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 29 अप्रैल 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 प्रतिभावान छात्र सम्मेलन व सम्मान समारोह...




07 अवैध नशे पर कलेक्टर की चेतावनी, गांजे की खेती...



## खबर संक्षेप

### दो आरोपियों को 5-5 साल का कारावास

**विदिशा।** मेडिकल कॉलेज के पीछे हुए जानलेवा हमले के मामले में सत्र न्यायाधीश शेख सलीम ने आरोपी सूरज और अभिषेक को 5-5 वर्ष के कठोर कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई। घटना 12 अप्रैल 2025 की रात 11:30 बजे की है, जब रघुवीर सिंह रघुवंशी मंदिर से घर लौट रहे थे। तभी बाइक से आए आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित की रिपोर्ट पर कोतवाली थाना में मामला दर्ज हुआ। न्यायालय में गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर अपराध सिद्ध हुआ।

### जनसुनवाई में 175 आवेदन, 91 निराकृत

**विदिशा।** जिला मुख्यालय पर आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं। कुल 175 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 91 का मौके पर निराकरण किया गया। शेष प्रकरणों पर संबंधित विभागों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बीपीएल कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र सुधार, सहायता राशि, कुटी आवंटन, समग्र आईडी त्रुटि और सड़क निर्माण जैसे मामले सामने आए। अधिकारियों को समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर, एसडीएम सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### जनसुनवाई में दिव्यांग को मिली ट्राइसाइकिल


**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की पहल पर जनसुनवाई कार्यक्रम में दिव्यांग अशोक अहिरवार को तत्काल ट्राइसाइकिल प्रदान की गई। करैया खेड़ा रोड वार्ड 29 निवासी अशोक पूर्व में मिली ट्राइसाइकिल खराब होने से लंबे समय से आवागमन में असमर्थ थे। उन्होंने जनसुनवाई में नई ट्राइसाइकिल की मांग रखी। कलेक्टर ने मौके पर ही ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई और कहा दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ना प्रशासन की प्राथमिकता है।

### कार्यकर्ताओं को जल परीक्षण का प्रशिक्षण

**विदिशा।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में पेयजल स्रोतों के परीक्षण व नल-जल योजनाओं के निरीक्षण कार्य निरंतर जारी हैं। इसी क्रम में विकासखंड विदिशा के आंगनबाड़ी सेक्टर केंद्र बाला बरखेड़ा, ठर्र और देवखजुरी में 92 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं सुपरवाइजर को एफटीके किट से जल परीक्षण का प्रशिक्षण दिया गया।

### मनोज गर्ग का निधन

**विदिशा।** प्रेमनारायण गर्ग के सुपुत्र एवं मुकेश गर्ग व वरिष्ठ अधिवक्ता दीपक गर्ग के बड़े भाई तथा वैभव गर्ग (सोनल) के पिता मनोज गर्ग का मंगलवार को निधन हो गया। सुबह 10 बजे निज निवास किलेअंदर से मुक्तिधाम तक अंतिम यात्रा निकाली गई। बड़ी संख्या में लोगों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि दी।



### नपा की बैठक में फायर सेफ्टी उपकरण अनिवार्य करने पर जोर, एसडीईआरएफ ने दिया लाइव डेमो

# आगजनी की बढ़ती घटनाओं पर सख्ती फर्नीचर-टिम्बर व्यापारियों को दिए निर्देश

**व्यापारियों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

देवी के बाग के पास फर्नीचर की दुकान में लगी आगे के दौरान बनी स्थिति ने शहर को चिंता में डाल दिया है। आगजनी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर के निर्देश पर नगरपालिका ने फर्नीचर एवं टिम्बर व्यापारियों के साथ बैठक आयोजित की।

बैठक का उद्देश्य ज्वलनशील सामग्री के व्यवसाय से जुड़े व्यापारियों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए ठोस कदम सुनिश्चित करना रहा। अधिकारियों ने व्यापारियों को स्पष्ट रूप से समझाइश दी कि वे अपनी दुकानों और गोदामों में लकड़ी, पॉलिश, थिनर जैसे ज्वलनशील पदार्थों का अत्यधिक भंडारण न करें। आग से बचाव के लिए प्रत्येक प्रतिष्ठान में अनिवार्य रूप से फायर सेफ्टी उपकरण रखने के निर्देश दिए गए। विशेष रूप से फायर बॉल जैसे त्वरित अग्निशमन उपकरण दुकान और गोदाम में रखने की सलाह दी गई, ताकि शुरुआती स्थिति में ही आग पर काबू पाया जा सके। बैठक में विद्युत सुरक्षा को लेकर भी गंभीरता दिखाई गई। व्यापारियों को निर्देशित किया गया कि वे वायरिंग, स्विच बोर्ड और अन्य इलेक्ट्रिकल उपकरणों की नियमित जांच कराएं। शॉर्ट सर्किट आगजनी का प्रमुख कारण बन रहा है, इसलिए समय-समय पर मेंटेनेंस जरूरी बताया गया। इस दौरान एसडीईआरएफ टीम ने फायर एक्टिंग्यूशर के उपयोग का व्यावहारिक प्रदर्शन किया। टीम ने समझाया कि आग की प्रारंभिक अवस्था में सही प्रकार के अग्निशामक यंत्र का उपयोग बड़ी दुर्घटना टाल सकता है। उन्होंने विभिन्न प्रकार की आग जैसे विद्युत, रासायनिक या ठोस पदार्थों से लगी आग के अनुसार अलग-अलग फायर एक्टिंग्यूशर के प्रयोग की जानकारी दी। बैठक में नगर पालिका के सीएमओ दुर्गेश सिंह, डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट मयंक कुमार जैन और इलेक्ट्रिकल इंजीनियर मौसम जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



**विदिशा।** बैठक के दौरान मौजूद व्यापारियों को अधिकारियों ने अग्निशमन यंत्रों से संबंधित जानकारी दी।

**आग से बचाव के उपकरणों की जानकारी साझा की गई।**

सभी ने नगर में सुरक्षित वातावरण बनाए रखने के लिए प्रशासन और व्यापारियों के सामूहिक प्रयासों पर बल दिया। नगरपालिका ने अंत में व्यापारियों से अपील की कि वे दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन कर आगजनी की घटनाओं की रोकथाम में सक्रिय सहयोग दें।

# जिंदा महिला कागजों में मृत घोषित, नहीं मिल पा रहा शासकीय योजनाओं का लाभ

### पीड़ित महिला ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शमशाबाद तहसील के कोलुआ गांव में एक जीवित महिला को सरकारी रिकॉर्ड में मृत घोषित कर दिया गया।

इस गंभीर त्रुटि के चलते महिला को मिलने वाली सभी शासकीय योजनाओं का लाभ बंद हो गया है। ग्राम कोलुआ निवासी प्रीति बाई अपने पिता प्रेम सिंह के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचीं और इस संबंध में लिखित शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि कुछ समय पहले उनके पति का निधन हो गया था। समग्र आईडी में संशोधन के दौरान गलती से उनके पति के स्थान पर उन्हें ही मृत दर्ज कर दिया गया और उनका नाम सूची से हटा दिया गया।

#### योजनाओं का लाभ बंद

सरकारी दस्तावेजों में हुई इस गलती के कारण प्रीति बाई को विधवा सहायता राशि, लाड़ली बहना योजना सहित अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ मिलना बंद हो गया है। सवाल यह है कि जब महिला जीवित है, तो आखिर उसे कागजों में मृत कैसे घोषित कर दिया गया और इसका जिम्मेदार कौन है। महिला चक्कर काटने मजबूर है।

**मैं जिंदा हूं साहब**



#### पीड़िता की गुहार

प्रीति बाई ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि वह जीवित हैं, इसके बावजूद सरकारी दस्तावेजों में उन्हें मृत दिखाया जाना बेहद कष्टदायक है। उनके पिता प्रेम सिंह ने भी प्रशासन से इस मामले में जल्द कार्रवाई करने की अपील की है।

#### जांच का आश्वासन

वहीं, अधिकारियों ने इस मामले की जांच कर नाम सही करने का आश्वासन दिया है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस गंभीर लापरवाही को कितनी जल्दी सुधारता है और पीड़िता को उसका हक कब तक मिल पाता है।

### केबीटी प्राइवेट आईटीआई में 11 विद्यार्थियों का चयन

**विदिशा।** केबीटी प्राइवेट आईटीआई में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। यह प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से देश की प्रतिष्ठित ऑटोमोबाइल कंपनी टाटा मोटर्स द्वारा संपन्न हुआ। चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा, तकनीकी मूल्यांकन और साक्षात्कार हुआ। 39 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 11 का चयन एसोसिएट ट्रेनी पद पर हुआ। महाविद्यालय संचालक आनंद शरण ने कहा कि संस्थान गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा के साथ बेहतर रोजगार अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। प्लेसमेंट प्रभारी देवेंद्र कुशवाह और धनराज अहिरवार ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दीं। मीडिया सेल प्रभारी राहुल विश्वकर्मा ने कंपनी प्रतिनिधियों का आभार जताया।

## सरकारी स्कूलों में पुस्तकें व साइकिल वितरण सौ प्रतिशत हो: कलेक्टर गुप्ता

### असफल भुगतानों की साप्ताहिक रिपोर्ट देने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने मंगलवार को समीक्षा बैठक में जिले के सभी शासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तक एवं साइकिल वितरण की प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि किसी भी विद्यालय में वितरण कार्य शेष नहीं रहना चाहिए।

जिला शिक्षा अधिकारी एवं डीपीसी को समयसीमा में शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में संबल योजना तथा कर्मकार मंडल (बीओसीडब्ल्यू) अंतर्गत लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि ये शासन की महत्वपूर्ण योजनाएं हैं, अतः सभी लंबित आवेदनों का त्वरित निराकरण कर हितग्राहियों को लाभ पहुंचाया जाए।

मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के अंतर्गत असफल भुगतानों की जानकारी लेते हुए उन्होंने त्रुटियों का शीघ्र सुधार कर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही जिन योजनाओं में डीबीटी के माध्यम से राशि हस्तांतरित की जाती है, उनमें असफल भुगतान की साप्ताहिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए।

### आधार बायोमेट्रिक अपडेट में विदिशा टॉप–5 जिलों में शामिल

**विदिशा।** आधार के ज़रूरी बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू) कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विदिशा जिले की सराहना हुई है। जिले को विद्यार्थियों के लिए आधार अब विद्यालय के द्वार अभियान के तीसरे चरण 1 से 25 अप्रैल में प्रदेश के टॉप पांच जिलों में स्थान मिला है। निदेशक द्वारा प्रेषित प्रशंसा पत्र में कलेक्टर अंशुल गुप्ता के नेतृत्व में जिला प्रशासन, विशेष रूप से स्कूल शिक्षा विभाग एवं डीईजीएस टीम के समन्वित प्रयासों को सराहा गया है। अभियान के तहत विद्यार्थियों के आधार बायोमेट्रिक अपडेट को गति देने के लिए विशेष शिविर आयोजित किए गए।

## तहसीलदारों को निर्देश: आवेदकों को भटकना न पड़े सीमांकन की कॉपी दोनों पक्षों को उपलब्ध कराई जाए

### समय-सीमा बैठक में लंबित प्रकरणों की समीक्षा, पेयजल व्यवस्था पर विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित आवेदनों एवं प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयावधि में निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति बाधित न हो, यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं नगरीय निकायों को खराब हैंडपंपों के सुधार तथा आवश्यक क्षेत्रों में नए हैंडपंप प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए।



विदिशा। समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर अंशुल गुप्ता।

बैठक में पीएम राहत योजना, सीमांकन व बंटवारा प्रकरणों की भी समीक्षा की गई।

तहसीलदारों को निर्देशित किया गया कि आवेदकों को अनावश्यक रूप से भटकना न पड़े और सीमांकन की प्रति दोनों पक्षों को उपलब्ध कराई जाए। महिला एवं बाल विकास विभाग को कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कर उचित देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## मां जानकी जन्मोत्सव पर 'सीतायण' का विमोचन नारी शक्ति और प्रकृति संरक्षण का दिया गया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय महापरिषद की महिला विंग द्वारा मां जानकी का जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण लेखिका नीतेश रघुवंशी द्वारा रचित पुस्तक 'सीतायण' का विमोचन रहा।

इस कृति में मां सीता के जीवन आदर्शों को आधुनिक संदर्भ में प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया है। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाली श्रीमती बबीता सांकलखेड़ा एवं मुन्नी हिनोतिया को 'धरणीसुता' सम्मान से सम्मानित किया गया। उपस्थित जनसमूह को पर्यावरण बचाने का संकल्प भी दिलाया गया। मंच संचालन रजनी रघुवंशी ने किया। कार्यक्रम में बच्चों ने नारी शक्ति पर ओजस्वी कविताएं प्रस्तुत कीं, वहीं महिलाओं ने काव्य पाठ के माध्यम से अपने भाव व्यक्त किए। कवयित्री नीतेश रघुवंशी और रिंकी रघुवंशी ने स्वरचित गीत एवं मुक्तक सुनाकर वातावरण को भावविभोर कर दिया। बड़ी संख्या में समाज की मातृशक्ति उपस्थित रही।



## प्रतिभा विकास संस्थान ने शिक्षा सेवा के संकल्पों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

पूरनपुरा एलबीएस नगर स्थित प्रतिभा विकास भवन में संस्थापक सचिव शिक्षाविद् कीर्तिशेष सीताराम गुप्त की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम में पूर्व सहायक जिला शिक्षा अधिकारी पुष्कर राव पवार, भाजपा नेता श्यामसुंदर शर्मा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा मौजूद रहे।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने गुप्त जी के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए उन्हें समर्पित, कर्मठ और संकल्पशील शिक्षक बताया। पुष्कर राव पवार ने उनके साथ 50 वर्षों के सहयोग को स्मरण करते हुए शिक्षा क्षेत्र में किए गए योगदान को अनुकरणीय बताया। वक्ताओं ने कहा कि 1996 में स्थापित यह संस्थान आज भी निःशुल्क शिक्षा और संस्कार की परंपरा को आगे बढ़ा रहा है। इस अवसर पर परिजनों एवं समाजसेवियों ने आर्थिक सहयोग की घोषणा की। कार्यक्रम में नागरिक, शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं गुप्ता परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। अंत में संयुक्त सचिव विपुल शर्मा ने आभार व्यक्त किया।




**विदिशा।** आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथि।

### मंगल भवन के लिए 5 लाख देंगे विधायक



**ग्यारसपुर।** हिम्मतपुर स्थित हनुमान जी महाराज मंदिर परिसर नागा साधु जी के सानिध्य में चल रहे 11 कुण्डीय रुद्र यज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन विधायक हरिसिंह रघुवंशी शामिल हुए। कथा मंच पर विधायक ने विधायक निधि से मंगल भवन के लिए 5 लाख रुपए देने की घोषणा की। आज भंडारे के साथ कथा का समापन होगा। इस दौरान ग्यारसपुर मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, ट्रॉफी और मेडल प्रदान किए गए

# प्रतिभा सम्मान समारोह: साकेत शिशुरंजन स्कूल ने किया राज्य व जिला मेरिट में स्थान पाने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान

**विद्यालय से कक्षा 10वीं में 254 एवं कक्षा 12वीं में 234 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सिविल लाइंस स्थित साकेत शिशु रंजन हायर सेकेंडरी स्कूल में सत्र 2025-26 के उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों के उपलक्ष्य में प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में राज्य एवं जिला स्तर की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, ट्रॉफी और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कक्षा 12वीं की छात्रा ऋतिका रघुवंशी ने राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में आठवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। वहीं सिद्धि लोधी ने जिला मेरिट सूची में दूसरा स्थान हासिल किया। कक्षा 10वीं में कनक मीना ने जिला मेरिट में दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि अनुज अहिरवार और नमन धाकड़ ने तीसरा स्थान प्राप्त कर सफलता का परचम लहराया।




**विदिशा।** कार्यक्रम आयोजित कर मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।

इसके अतिरिक्त 49 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी एस.पी. सिंह जाटव, संस्था अध्यक्ष अतुल शाह, उपाध्यक्ष प्रमोद व्यास, साकेत एमजीएम स्कूल के डायरेक्टर डॉ. कुशाग्र दीक्षित, प्राचार्य विभाष रंजन पाल एवं साकेत शिशु रंजन के प्राचार्य प्रकाश शर्मा उपस्थित रहे।

अतिथियों ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उज्ज्वल भविष्य की बधाई दीं। विद्यालय से कक्षा 10वीं में 254 एवं कक्षा 12वीं में 234 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। समारोह का संचालन ज्योति सिरभैया ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर विद्यालय परिवार में उत्साह और हर्ष का माहौल रहा।

### गैस सिलेंडर में पानी निकलने की उपभोक्ता फोरम में की शिकायत

**ग्यारसपुर।** इंडेन गैस एजेंसी द्वारा ग्राम निवासी विनीता बाई कुशवाह को गैस की जगह पानी भरा सिलेंडर थमा दिया गया। परिजनों के अनुसार सिलेंडर से करीब 4 किलो गैस और 10 किलो पानी निकला, जिससे खाना बनाना असंभव हो गया। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार नया सिलेंडर भरवाने में असमर्थ है। विनीता के भाई रमेश कुशवाह ने बताया कि कई बार एजेंसी और अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। पिछले एक सप्ताह से परिवार लकड़ी जलाकर भोजन बनाने को मजबूर है, पीड़ितों ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 और उपभोक्ता फोरम में शिकायत दर्ज कराई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

## क्विज प्रतियोगिता में विजेताओं को नगद पुरस्कार प्रदान किए



**विदिशा।** विजेताओं को पुरस्कार देते हुए अतिथि।

**विदिशा।** एसएटीआई के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के बीआईएस क्लब द्वारा मंगलवार को छात्र क्लब सदस्यों के लिए क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में बीआईएस क्लब की मेंटर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. कनक सक्सेना तथा बीआईएस समन्वयक डॉ. सुनील जोशी ने विजेताओं को प्रमाण-पत्र एवं नगद पुरस्कार प्रदान किए। प्रतियोगिता में प्रथम चार स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को एक हजार, 750 रुपए और 500 एवं 250 रुपए की पुरस्कार राशि दी गई। दिशा पांसे ने प्रथम, अंकित देहरिया ने द्वितीय, शुभांश्री गेडाम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुहू जैन को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. वाईके जैन ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों के विश्लेषणात्मक कौशल और मानकों के प्रति जागरूकता को बढ़ाती हैं। सचिव डॉ. लक्ष्मीकांत मरखेड़कर ने भी विजेताओं को बधाई दी।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-6205
सरसों
न्यूनतम भाव-5660
उच्चतम भाव-7070
चना
न्यूनतम भाव-2670
उच्चतम भाव-5600
मसूर
न्यूनतम भाव-5200
उच्चतम भाव-10000
शरबती
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-4620
गेंहू 1544
न्यूनतम भाव-2180
उच्चतम भाव-2900
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2285
उच्चतम भाव-2340
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-3188
बटरी
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव-4000
धनिया
न्यूनतम भाव-10500
उच्चतम भाव-12300
जौ
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-2155
मक्का
न्यूनतम भाव-1665
उच्चतम भाव-1665
उड़द
न्यूनतम भाव-7000
उच्चतम भाव-7000
मटर
न्यूनतम भाव-2401
उच्चतम भाव-2401
तुअर
न्यूनतम भाव-5500
उच्चतम भाव-6500

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मंडी में मंगलवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मंडी में 26888 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### आहरण राशि के संबंध में दो दिन में मांगा जबाव

**गंजबासौदा।** पांचवा वित्त अंतर्गत ईपीओ कमांक 3840233 दिनांक 11.04.2026 को राशि रु. 761366 का आहरण किया गया है, जबकि ग्राम पंचायत सचिव ओमप्रकाश सेन को मुख्य कार्यपालन अधिकार जिला पंचायत विदिशा का आदेश कमांक 939460 दिनांक 10.04.2026 को निलंबन किया जा चुका था। आहरित राशि वित्तीय अनियमित्ता की श्रेणी में आती है। अतः 2 दिवस में समक्ष में उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें स्पष्टीकरण प्रस्तुत न करने व संतोषप्रद न होने की स्थिति में मप्र पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 89 की कार्रवाई करने हेतु प्रतिवेदन वरिष्ठ कार्यालय को भेजा जाएगा। जिसका उत्तरदायित्व स्वंय का होगा।


### मच्छरों से परेशान

**गंजबासौदा।** गर्मी का प्रकोप तेज होते ही मच्छरों की संख्या में इजाफा हुआ है। जिसके चलते पाराशरी नदी किनारे के वार्डों की रहवासी तथा निचली बस्तियों में मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है।

# कपिल तिवारी की जयंती पर शैक्षणिक सामग्री की वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा


वरिष्ठ शिक्षाविद पूर्व बीआरसी स्वर्गीय कपिल तिवारी की जन्म जयंती के अवसर पर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच द्वारा शैक्षणिक सामग्री व नवीन वस्त्र का वितरण किया गया। इससे पूर्व मंच के वरिष्ठ नेता सैयद शराफत हुसैन कादरी छोटे चच्चा की पुण्य तिथि पर मंच द्वारा ईदगाह रोड स्थित गौ शाला को गौ सेवा हेतु इक्कीस सौ रूपये तथा जय स्तंभ चौक पर गरीब निसहाय निर्धनजनों को भोजन प्रसादी वितरण हेतु मां अन्नपूर्णा समिति को ग्यारह सौ रूपये का सहयोग प्रदान किया।



इस अवसर पर मातारानी मंदिर के मुख्य पुजारी महाराज बालाराम महाराज ने मुस्लिम राष्ट्रीय को राष्ट्रवादी संगठन बताते हुऐ मुस्लिम युवाओं से इस संगठन से जुड़कर समाज व राष्ट्र की मुख्य धारा मे आकर राष्ट्रीय हित, सामाजिक हित, समुदाय व धर्म के लिए समय देने की अपील की। महाराज ने कहा मुस्लिम समुदाय को समाज व राष्ट्र की मुख्य धारा मे आगे आकर काम करना चाहिए यह देश हम सबका है इसको परम वैभव के शिखर पर ले जाने राष्ट्रीय एकता और मुहब्बत अखंडता की बेहद जरूरत है। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गौ सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया मंच द्वारा छुआछूत भेदभाव दूर करने, नशा मुक्त भारत अभियान सफल करने, शत प्रतिशत साक्षरता का लक्ष्य प्राप्त करने, दंगा-फसाद मुक्त भारत बनाने की दिशा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कुमार के मार्गदर्शन में गांव गांव शहर शहर अलख जगा रहा है। काजी सैयद शोएब हुसैन ने प्याऊ लगाकर, सकोरे टांगकर अपने घर, मकान, दुकान से कोई इंसान, पशु, पक्षी प्यासा न जाए इसका ध्यान रखने की बात कही।

सैयद सरवर अली, शेख शकील अहमद खान ने अपने बुजुर्गो की पुण्य तिथि या बच्चों के जन्मोत्सव पर आसपास की गौ शाला या वृद्धाश्रम मे पहुंचकर उनकी मदद करने की बात कही। इस दौरान मंच के पदाधिकारीगण व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# संस्कृत भवन में बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को त्योंदा के संस्कृत भवन में भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान के तहत बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर गंज बासौदा, कस्बा बागरोद, रामपुर, खामखेड़ा, मेनवाड़ा, मटेना, सुमेर दांगी सहित अनेक स्थानों के सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने चरित्र निर्माण पर दिया जोर

# प्रतिभावान छात्र सम्मेलन व सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थानीय इकाई द्वारा बायपास स्थित संघ के उत्कर्ष भवन में प्रतिभावान छात्र सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, खेल और प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नगर व ग्रामीण अंचल के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।






प्रतिभावान छात्र सम्मेलन में मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संघ के प्रचारक जितेंद्र राठौर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल अंकों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि चरित्र निर्माण और समाज के प्रति जिम्मेदारी का भाव भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, परिश्रम और राष्ट्र सेवा के भाव को जीवन में उतारने का आह्वान किया।

मुख्य वक्ता सुरेश देव ने कहा कि युवा शक्ति ही देश की सबसे बड़ी पूंजी है। यदि विद्यार्थी अनुशासन और स्वावलंबन को अपनाते हैं तो वे भविष्य में जिम्मेदार नागरिक बनकर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति और मूल्यों से जुड़े रहने के साथ आधुनिक चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहने की सीख दी। कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षाओं और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों और अभिभावकों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर जिला प्रचारक राकेश परमार, जिला बाल कार्य प्रमुख हर्षित पाठक, नगर प्रचारक नितेश, नगर बाल कार्य प्रमुख राघव, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन अध्यक्ष नीलेश चतुर्वेदी सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, अभिभावक और संघ के स्वयंसेवक उपस्थित रहे। सम्मेलन में नवांकुर विद्यापीठ, डाल्फिन स्कूल, सेंट एसआरएस, मॉडल पब्लिक स्कूल, स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, लिटिल फ्लावर सहित अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक 'वंदे मातरम' के गान के साथ हुआ। इस दौरान अनेक छात्र, छात्राऐं और विद्यालयीन स्टॉफ मौजूद रहे।

# नपा अमले ने अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों पर किया जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को नगरपालिका अमले ने नगर के मुख्य मार्गों पर दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण पर चालानी कार्रवाई की गई। चालानी कार्रवाई के दौरान 13 दुकानदारों की रसीद बनाकर 2100 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। वहीं सोमवार को नगरपालिका अमले द्वारा नगर के मुख्य मार्गों पर भ्रमण कर अमानक पॉलिथीन का उपयोग एवं अतिक्रमण करने वाले 24 दुकानदारों पर 2900 रुपए का जुर्माना किया गया। इस दौरान नपा अमला मौजूद रहा।

# किसानों की समस्या को लेकर दिया धरना




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अंबानगर द्वारा किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर धरना देकर राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। सौंपे गए ज्ञापन में किसानों की समस्या ऋण जमा करने की तारीख बढ़ाने, गेंहू, चना, मसूर के उपार्जन की व्यवस्था सुधारने, नरवाई जलाने पर किसानों को दोषपूर्ण कार्रवाई एवं मंडी में बेचे गए गेंहू पर भावांतर देने की बात कही गई। किसानों के प्रति सरकार का उदासीन रवैया है, सरकार निवारण करने में रुचि नहीं ले रही है। सौंपे गए ज्ञापन में किसानों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण किए जाने की मांग की है।

# थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों की मदद के लिए 66 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पूर्व बीआरसी और शिक्षक स्वर्गीय कपिल तिवारी की जन्म जयंती पर मंगलवार को विश्रामगृह परिसर में थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों की सहायतार्थ रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस रक्तदान शिविर में 66 लोगों ने रक्तदान कर कपिल तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित की। रक्तदान करने के लिए विदिशा मेडिकल महाविद्यालय से डाक्टर अंकित के नेतृत्व में टीम आई थी, जिनके द्वारा मात्र 3 घंटे में ही इतनी बड़ी संख्या में हुए रक्तदान पर प्रसन्नता व्यक्त की गई। यह रक्तदान शिविर स्वर्गीय कपिल तिवारी के मित्र मंडली द्वारा आयोजित किया गया था।

रक्तदान शिविर के शुभारंभ पर संत महेश्वर दास त्यागी, अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक डॉ. अभिषेक कृष्ण शास्त्री सहित तिवारी के मित्रों द्वारा उन्हें तिलक लगाकर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात डॉ. अभिषेक कृष्ण शास्त्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि कपिल भैया का जीवन हमें मानव सेवा- समाज सेवा का जीवंत उदाहरण पेश करता है, उनकी जन्म जयंती के अवसर पर थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्तदान शिविर आयोजित करना निश्चित रूप से उनके सिद्धांतों को आगे बढ़ता है। संत महेश्वर दास त्यागी ने कहा कि व्यक्ति जब जन्म लेता है और जब उसकी मृत्यु होती है तब वह खाली हाथ ही जाता है। प्रकृति का यह नियम है कि व्यक्ति अपने जन्म के समय कुछ लेकर नहीं आता और जाते समय भी साथ में कुछ लेकर नहीं जाता परंतु इस जीवन चक्र के दौरान वह जो कार्य कर जाता है, वह कार्य और उसके पुण्य उसके साथ जाते हैं। कपिल तिवारी को एक सहज गृहस्थ संत बताते हुए त्यागी जी ने भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री तिवारी के मित्र स्वदेश शर्मा, आदित्य श्रीवास्तव ने भी उनसे जुड़ी निजी स्मृतियों को सबसे साझा किया।

आयोजन के सूत्रधार नीलेश अग्रवाल ने स्वर्गीय तिवारी को याद करते हुए कहा कि कपिल तिवारी एक ऐसा व्यक्तित्व थे, जो मानव सेवा- समाज सेवा के लिए समर्पित थे। अपने जीवन काल में क्षेत्र में चल रहे सभी सामाजिक एवं मानव सेवा के कार्यों के लिए वह सदैव आगे रहते थे। उनकी स्मृति में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्तदान शिविर आयोजित करके, हम उनके विचारों को आगे बढ़ा रहे हैं। भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों को और भी अधिक बृहद रूप से आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी कांति भाई शाह, पवन रिछारिया, सुमित अग्रवाल, प्रशांत तिवारी, अजय जैन, दिलीप देसाई, पार्षद नारायण सोनी, गौरव तिवारी, संतोष शर्मा, पार्षद राहुल ठाकुर, सावन अग्रवाल, अन्नू यादव, सहित अनेक गणमान्य नागरिक और युवा उपस्थित रहे।



रक्तदान शिविर के दौरान मित्रता के शानदार उदाहरण देखने को मिले। वर्तमान में विदिशा निवासरत दिगपाल रघुवंशी को जब यह सूचना मिली कि उनके मित्र कपिल तिवारी की स्मृति में रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है तो वह रक्तदान करने के लिए विदिशा से गंजबासौदा आए। वहीं तिवारी के मित्र और साथी क्रिकेटर आदित्य श्रीवास्तव ने अपने मित्र की स्मृति में 53 वर्ष की आयु में प्रथम बार रक्तदान किया और उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# शिविर में 112 मरीजों की हुई जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को त्योंदा के ग्राम मैनवाड़ा में योगेंद्र सिंह रघुवंशी, ओमकार सिंह क़े सहयोग एवं स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर के नेत्र चिकित्सक डॉ. दिलीप सेन ने लगभग 112 लोगों के नेत्रों की जांच कर उन्हें नेत्र रोगों से बचाव की जानकारी दी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवी सुनील बाबू पिंगले, संतोष शर्मा ने ट्रस्ट की सराहना करते हुए बताया की वर्षभर में ट्रस्ट द्वारा 52 हजार से अधिक ऑपरेशन किये जाते हैं। उक्त शिविरों का संचालन रवि उपाध्याय के कुशल मार्गदर्शन मे किया जाता है। इस मौके पर कैंप प्रभारी गोलू राठौर, नेपाल सिंह जादौन ने चश्मे क़े नंबर निकाल कर चश्मा प्रदान किए। मिलन बघेल, अक्षय पाल ने बीपी एवं शुगर की जाँच में अपना सहयोग प्रदान किया। शिविर के दौरान 39 लोगों को निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया, 27 मरीजों का चश्मा का नंबर निकाला गया एवं 23 लोगों को चश्मे प्रदान किये गए। इस दौरान ग्रामवासियों ने अपना सक्रिय सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर सभी चिकित्सक एवं आनंदपुर की पूरी टीम का स्वागत योगेंद्र सिंह एवं ओमकार सिंह ने तिलक लगाकर, फूल माला पहना कर, शॉल, श्रीफल से सम्मानित किया। आगामी दिनों में ग्रामीण इलाकों में इसी तरह क़े शिविरों का आयोजन किया जाऐगा ताकि निर्धन और असहाय लोगों की आँखों को रोशनी मिल सके। शिविर में कृपाल सिंह, जनपद सदस्य दुर्जन सिंह, मनमोहन तिवारी, चन्दन सिंह सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## पंचतत्व संरक्षण समिति की सराहनीय पहल

# सकोरे व पानी की होदियां रखी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भीषण गर्मी के दस्तक देते ही मूक पशु-पक्षियों के लिए पीने के पानी का संकट खड़ा हो गया है। इस समस्या के समाधान हेतु नगर की पर्यावरणीय संस्था 'पंचतत्व संरक्षण समिति' द्वारा निरंतर सेवा कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को विधायक हरिसिंह रघुवंशी की उपस्थिति में विभिन्न स्थानों पर जल पात्र रखे गए और मिट्टी के सकोरे वितरित किए गए। समिति द्वारा पशुओं की प्यास बुझाने के लिए काले बाग क्षेत्र में कमलेश शर्मा के निवास के बाहर एक बड़ी होदी रखी गई, जिसे प्रतिदिन भरने की जिम्मेदारी शिवानी शर्मा ने ली है।

इसी प्रकार बरेठ रोड निवासी शोभित महलवार के यहाँ भी एक हौदी रखी गई। इसके अतिरिक्त चर्च के पास स्थित मोहल्ले में पक्षियों के लिए मिट्टी के सकोरे वितरित किए गए और उपस्थित नागरिकों को इन्हें नियमित रूप से भरने का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर विधायक हरि सिंह ने समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, पंचतत्व संरक्षण समिति द्वारा किया जा रहा यह कार्य अत्यंत पुण्यकारी है। यह मेरा सौभाग्य है कि मैं भी इस पुनीत सेवा कार्य का साक्षी बन सका। बेजुबान प्राणियों की सेवा ही सच्ची मानवता है। समिति का यह कार्यक्रम पक्षी चेतना अभियान के अंतर्गत प्रतिवर्ष एक मुट्ठी दाना, एक कुंडा पानी के अनुरोध के साथ नवसंवत्सर, गुड़ी पड़वा से प्रारंभ होकर पूरी गर्मी जारी रहता है। अब तक नगर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर जल पात्र रखे जा चुके हैं और आने वाले दिनों में अन्य स्थानों पर भी यह व्यवस्था की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी, प्रमोद सिंह राजपूत, राजपूत समाज के अध्यक्ष प्रवीण प्रताप सिंह, अरुणा अरोरा सहित अनेक गणमान्य नागरिक और पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे।

# ग्राम बैतोली में किसानों ने की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को ग्राम पंचायत बैतोली में किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। अपनी समस्याओं को लेकर पिछले 5 दिनों से परेशान किसान आखिरकार सड़कों पर उतर आए और बीच सड़क पर ट्रैक्टर खड़े कर चक्का जाम कर दिया। जाम के दौरान मौके पर पहुंचीं खाद्य विभाग की अधिकारी पिंकी शाक्य को भी किसानों ने अपने साथ सड़क पर बैठाकर अपनी समस्या सुनाई और नारेबाजी की।

किसानों का आरोप है कि बेयरहाउस में उनकी फसल की समय पर तौल नहीं हो रही है, जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसान पिछले पांच दिनों से तौल के इंतजार में बेयरहाउस पर डटे हुए हैं लेकिन न तो कोई ठोस व्यवस्था की गई और न ही जिम्मेदार अधिकारियों ने उनकी सुध ली। किसानों ने बताया कि वेयरहाउस में अव्यवस्थाओं का आलम है, तौल कांटों में गड़बड़ी, बैठने और पानी की सुविधा का अभाव और लेबर



की कमी के चलते तौल प्रक्रिया पूरी तरह प्रभावित हो रही है, साथ ही अनाज में कटौती के भी आरोप लगाए गए हैं, स्थिति उस समय और बिगड़ गई जब नाराज किसानों ने चक्का जाम कर दिया। सूचना मिलते ही यातायात प्रभारी निरपत सिंह लोधी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और हालात को संभालने की कोशिश की। वहीं खाद्य विभाग की अधिकारी पिंकी शाक्य और नायब तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर किसानों को समझाइश दी। लेकिन किसान अपनी मांगों पर अड़े रहे। इधर पास के जीवाजीपुर तुलाई केंद्र पर भी किसानों को निराशा हाथ लगी जहां प्रभारी द्वारा शाम 4 बजे ही काम बंद कर दिया गया।

किसानों का आरोप है कि शिकायत करने पर अभद्र व्यवहार किया गया। किसानों का कहना है कि सरकार मंचों से भले ही बड़े बड़े वादे करती हो लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। खाद्य विभाग अधिकारी पिंकी शाक्य मौके पर पहुंची और कई अनियमितताएं पाई गई हैं इस मामले में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा और पंचनामा तैयार कर लिया गया है।

## खबर संक्षेप

### स्कूटी ने बाइक को मारी टक्कर, दो घायल

**खुरई।** जेल रोड पर एक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। उन्हें पीछे से आ रही एक स्कूटी ने टक्कर मार दी। घायलों में से एक की हालत गंभीर होने पर उसे सागर रेफर किया गया है। घायल युवकों की पहचान विवेक लोधी (30) और राकेश लोधी (45) के रूप में हुई है। ये दोनों उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले के नाराहट थाना क्षेत्र स्थित बछरई गांव के निवासी हैं। जानकारी के अनुसार, दोनों युवक खुरई के जगदीशपुरा बायपास चौराहा के पास एक रिश्तेदार की शादी में शामिल होने आए थे। शादी समारोह से अपने घर लौटते समय जेल रोड पर एक अज्ञात स्कूटी चालक ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी।

### स्वरोजगार योजनाओं अंतर्गत लक्ष्य प्राप्ति हेतु लीड बैंक अधिकारी को निर्देश

**सागर।** मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक उद्यम/ स्वरोजगार एवं विमुक्त, घुमंतु और अर्द्धघुमंतु स्वरोजगार योजनाओं अंतर्गत लक्ष्य प्राप्ति करने हेतु लीड बैंक अधिकारी, जिला सागर को निर्देशित किया गया कि मुख्यमंत्री उदयम / स्वरोजगार योजना वर्ष 2026-27 अंतर्गत लक्ष्य प्राप्त हुए हैं। अतः निर्देशानुसार निर्धारित लक्ष्य प्राप्त किये जाने हेतु आपके अधीनस्थ बैंक शाखाओं को लक्ष्य प्रदान करने करें। मुख्यमंत्री उदयम योजना का 40 मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना का 225 एवं मुख्यमंत्री विमुक्त घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु स्वरोजगार योजना (व्यक्तिमूलक) का 20 लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### श्रमिकों हेतु उपलब्ध कराएं मूलभूत सुविधाएं

**सागर।** भवन एवं अन्य संनिर्माण के कार्यों में कार्यरत श्रमिकों हेतु मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए श्रम पदाधिकारी द्वारा पत्र जारी कर निर्माण में संलग्न ठेकेदारों/ निर्माण एजेंसियों को निर्देश निर्देशित किया है।

**कलेक्टर पाल के सख्त निर्देशः नशे के विरुद्ध जिले में चलेगा जीरो टॉलरेंस अभियान**

# अवैध नशे पर कलेक्टर की चेतावनी, गांजे की खेती और बिना पर्ची दवा बेचने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



नशीली दवाओं के अवैध कारोबार पर लगाम लगाने और युवाओं को नशे की गिरफ्त से बाहर निकालने के लिए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कड़े निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय एनकॉर्ड समिति की बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि नशे के कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

### दवा विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों पर पैनी नज़र

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग और औषधि निरीक्षकों को निर्देशित किया कि वे जिले के उन दवा विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों को चिन्हित करें जो संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त हैं। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि, कोई भी विक्रेता बिना वैध प्रिसक्रिप्शन के नशीली दवाओं की बिक्री न करे। सभी दवा दुकानों में दवाओं के स्टॉक और विक्रय का रिकॉर्ड संधारित होना अनिवार्य है। नियमों का उल्लंघन करने वाले मेडिकल स्टोर्स और डॉक्टरों पर तत्काल दंडात्मक कार्यवाही की जाए। उन्होंने राजस्व और पुलिस विभाग को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए पाल ने कहा कि जिले में गांजे की अवैध खेती करने वाले किसानों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाए। उन्होंने इसके लिए मैदानी अमले को मुस्तैद रहने को कहा है।

युवाओं को नशे से बचाने के लिए शिक्षा विभाग को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है। स्कूल और उच्च शिक्षा विभाग विशेष अभियान चलाकर छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करेंगे। प्रत्येक स्कूल और कॉलेज में अनिवार्य रूप से काउंसलिंग कक्ष बनाया जाएगा और शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ ही नशा करने वाले छात्रों की पहचान कर उनके अभिभावकों के साथ मिलकर काउंसलिंग करने के भी निर्देश दिए। नशा मुक्ति की दिशा में कदम बढ़ाते हुए जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में 6-6 बेड के पृथक वार्ड तैयार करने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि नशे के आदी मरीजों को उचित उपचार और परामर्श मिल सके।

इस महत्वपूर्ण बैठक में एसपी विकास शाहवाल, नगर निगम कमिश्नर राजकुमार खत्री, उप पुलिस अधीक्षक लोकेश सिंहा, सिटी मजिस्ट्रेट गगन विसेन सहित जिला शिक्षा अधिकारी, आबकारी विभाग, ड्रग इंस्पेक्टर और कृषि विभाग के आला अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कहा है कि नशा मुक्त समाज का निर्माण हमारी प्राथमिकता है। पुलिस, प्रशासन और शिक्षा विभाग मिलकर एक ऐसी चैन बनाएं जिससे नशीली दवाओं की सप्लाई लाइन टूटे और युवाओं को सही दिशा मिल सके।



### गोमाता को राष्ट्रमाता बनाने की मांग, गौ सम्मान आह्वान अभियान, गोभक्तों ने सौंपा ज्ञापन

**खुरई।** खुरई में 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' के तहत गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपे गए। बीना में यह अभियान श्री राम नाम सिद्ध पीठ (राम झरोखा दरबार) के हरदेव प्रसाद टोटे महाराज के यहां से मूलकपेटेश्वर राजेंद्र दास जी महाराज द्वारा शुरू किया गया। अभियान के शुभारंभ के बाद बड़ी संख्या में भक्त संकीर्तन करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे। उन्होंने तहसीलदार अंबर पंथी को महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में गौमाता को सनातन संस्कृति में राष्ट्रमाता का दर्जा दिए जाने की मांग की गई। इसी क्रम में खुरई में भी 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' को सफल बनाने के लिए बड़ी संख्या में लोग पुराने हनुमान मंदिर परिसर में एकत्रित हुए। यहां से भक्त परसा चौराहा होते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे और तहसीलदार ऋतु राय को ज्ञापन सौंपा। खुरई में भी गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने सहित अन्य संबंधित मांगें रखी गईं।



### कामायनी एक्सप्रेस में यात्री की मौतः शादी से लौटते समय सीने में दर्द उठा, हार्ट अटैक की आशंका

खुरई। रेलवे स्टेशन के पास कामायनी एक्सप्रेस में यात्रा के दौरान एक यात्री की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें तत्काल सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। यात्री अपने भतीजे की शादी में शामिल होने के बाद महाराष्ट्र स्थित अपने घर लौट रहे थे। मृतक के भतीजे संदीप गुप्ता ने बताया कि उनके चाचा कैलाश (45), निवासी उल्हासनगर, मुंबई, उत्तर प्रदेश के औड़ियार के पास स्थित सादात गाँव में उनके भाई की शादी में शामिल होने आए थे। शादी समारोह के बाद वे कामायनी एक्सप्रेस से औड़ियार रेलवे जंक्शन से कल्याण, मुंबई जा रहे थे। सागर और खुरई के बीच यात्रा के दौरान कैलाश को अचानक सीने में तेज दर्द उठा। इसकी सूचना रेलवे कर्मचारियों को दी गई। खुरई रेलवे स्टेशन पर 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुँच गई। एम्बुलेंस से कैलाश को सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहाँ जाँच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। अस्पताल प्रबंधन ने इसकी सूचना शहरी पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर पंचनामा की कार्रवाई की और शव का पोस्टमार्टम कराया।

### मंडी में बहा किसानों का गेहूं, अन्नदाताओं की मेहनत पर फिरा पानी, बेमौसम बारिश का कहर

**गढाकोटा।** सागर जिले में बेमौसम बारिश ने ऐसा कहर बरपाया कि अन्नदाताओं की सालभर की मेहनत कुछ ही घंटों में पानी में बह गई। सोमवार के दिन गढ़ाकोटा कृषि उपज मंडी में हालात इतने भयावह हो गए कि किसानों का गेहूं नालियों में बहता नजर आया। गढ़ाकोटा तहसील में करीब तीन घंटे तक हुई मूसलाधार बारिश ने मंडी परिसर को पूरी तरह जलमग्न कर दिया। खुले में रखा हजारों क्विंटल गेहूं बारिश के पानी में भीग गया। निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण मंडी में पानी भर गया और देखते ही देखते अनाज की बोरियां पानी में तैरने लगीं। स्थिति इतनी खराब हो गई कि कई जगहों पर गेहूं नालियों के साथ बहता दिखाई दिया। अपनी आंखों के सामने मेहनत को यूं बहते देख किसानों का दर्द छलक पड़ा। कई किसान मायूस होकर सिर पकड़कर बैठ गए। इस बीच किसानों ने व्यापारियों पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि फसल का सौदा पहले ही हो चुका था और व्यापारी गेहूं खरीद चुके थे, केवल तौल बाकी थी। लेकिन जैसे ही अनाज भीगा, व्यापारियों ने उसे लेने से साफ इनकार कर दिया। किसानों का कहना है कि जब सौदा तय हो गया था, तो जिम्मेदारी भी साझा होनी चाहिए थी। लेकिन अब व्यापारी पीछे हट रहे हैं, जिससे किसानों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है एक तरफ कुदरत का कहर, दूसरी तरफ बाजार की बेरुखी। मंडी प्रबंधन की तैयारियों पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। अगर पानी निकासी की बेहतर व्यवस्था होती, तो शायद इतना नुकसान टाला जा सकता था। अब पीड़ित किसान प्रशासन और सरकार से राहत की मांग कर रहे हैं।

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियां तेज सीएमओ ने किया व्यवस्थाओं का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के मद्देनजर नगर में तैयारियों का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है, इसी क्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश मेहतेले ने मंगलवार को नगर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर स्वच्छता, जलापूर्ति एवं अन्य व्यवस्थाओं का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने शहर की साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक वार्ड में नियमित रूप से स्वच्छता बनाए रखी जाए और कचरा संग्रहण कार्य समय पर पूर्ण किया जाए,उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन के लिए सभी व्यवस्थाओं का सुदृढ़ एवं प्रभावी संचालन आवश्यक है।


जलापूर्ति व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए उन्होंने नगर पालिका द्वारा संचालित निःशुल्क प्याऊ केंद्रों की स्थिति का अवलोकन किया। इस दौरान जलापूर्ति प्रभारी रामगोपाल अहिरवार को निर्देश दिए गए कि सभी प्याऊ केंद्रों पर नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए और किसी भी प्रकार की शिकायत की स्थिति न बने। स्वच्छता पर्यवेक्षक नीतेश को निर्देशित करते हुए सीएमओ ने कहा कि नगर के समस्त सार्वजनिक शौचालयों, सुलभ परिसरों एवं कचरा संग्रहण स्थलों का नियमित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए, साथ ही आवश्यकतानुसार रंगाई-पुताई एवं मरम्मत कार्य समयबद्ध तरीके से पूर्ण किए जाएं।

उन्होंने स्वच्छता सुपरवाइजरों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, प्रत्येक वार्ड में दैनिक साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही स्वच्छ सर्वेक्षण से संबंधित सभी कार्यों का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए।आईईसी टीम की समीक्षा करते हुए सीएमओ ने समन्वयक अरुण नागौर को निर्देश दिए कि टीम के माध्यम से नागरिकों से अधिकाधिक फीडबैक प्राप्त किया जाए।

## दबंगों ने विधवा के मकान पर किया कब्जा, कलेक्ट्रेट में लगाई न्याय की गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ रायसेन

तहसील क्षेत्र के ग्राम मेढ़की में एक विधवा महिला के मकान पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। पीड़िता ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा को आवेदन सौंपते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और अवैध कब्जा हटवाने की मांग की है।



आवेदिका विमलेश बाई (पति स्व. श्रीराम) ने बताया कि गांव के ही दबंग प्रीतम सिंह लोधी और राकेश मीणा ने उसके मकान पर कब्जा कर लिया है।

महिला ने आवेदन में बताया कि यह मकान उसके परिवार की पुश्तैनी संपत्ति है, लेकिन दबंगों ने उस पर कब्जा कर किराए पर दे रखा है। विमलेश बाई के मुताबिक, आरोपियों द्वारा यह झूठा दावा किया जा रहा है कि यह मकान उनके पति द्वारा लिए गए कर्ज के बदले में उन्हें दे दिया था। जबकि उसके पति स्व. श्रीराम ने किसी प्रकार का कोई कर्ज नहीं लिया गया था।

**गर्मी से दिन में सड़कें सुनसान, सुबह-शाम भीड़**

## दिन का तापमान 43 डिग्री के पार सूरज की किरणों से झर रही आग

**भीषण गर्मी और तेज धूप के साथ लू से विवाह, की व्यवस्थाएं भी अस्त व्यस्त**

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

अभी वैशाख का महीना चल रहा है, परन्तु तेज धूप और भीषण गर्मी जेठ के महीना के समान कहर ढहा रही है। पिछले 3-4 दिन से दिन का तापमान 43 डिग्री के पार हो जाने से सूरज की किरणों से आग झरने जैसी स्थिति बन रही है। सुबह 10-11 बजे से असहनीय गर्मी का दौर सूरज अस्त होने तक क्षेत्र के निवासियों के लिए भारी परिशानियों का कारण बन रहा है।

असहनीय भीषण गर्मी और तेज धूप में विवाह, बारातों की व्यवस्थाएं भी अस्त व्यस्त हो रही है। रविवार की रात में तेज हवा चलने के साथ बादलों की गर्जना बिजली की चमक दमक के साथ बूंदाबांदी होने से मौसम खराब हुआ। बादलों की गर्जना और सघनता से ऐसा लगा कि अब तेज बारिश होगी परन्तु



बूंदाबांदी के बाद स्थिति शांत हो गई। सुबह से ही गर्मी और सूरज की तपिश ने अपना रोद्र रूप दिखाना शुरु कर दिया।

**तेज धूप गर्म हवाओं का जोर-**

9-10 बजे से ही सूरज की किरणें गर्मी का अहसास कराने लगती है। दोपहर 11-12 बजे से शाम 5 बजे तक लोगों का घरों, गावों से निकलना बहुत कम हो जाता है। दोपहर में सडक़ें सुनसान और ग्राहकी नगण्य हो जाती है। सुबह और शाम रात्रि में सड़कें, बाजार गुलजार हो रहे है। दिन हो या रात गर्म हवाओं का जोर बना रहने से असहनीय गर्मी में पसीना बहाना मजबूरी बन रहा है।

## विज्ञान मंथन यात्रा : रायसेन के दो शिक्षकों ने अनुभव को बनाया ज्ञान का सेतु

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बाड़ी



विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विद्यार्थियों की जिज्ञासा को नई दिशा देने वाली 'विज्ञान मंथन यात्रा' ने न केवल देश के प्रमुख वैज्ञानिक संस्थानों का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान किया, बल्कि शिक्षकों के दृष्टिकोण को भी व्यापक व नवाचारी बनाया।

इस कड़ी में जिले के दो समर्पित शिक्षक शिवाजी तोमर (सांदीपनी स्कूल बाड़ी) एवं मयंक रघुवंशी ( सांदीपनी स्कूल सिलवानी) की सक्रिय सहभागिता विशेष रूप से उल्लेखनीय रही।

मध्यप्रदेश काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के मार्गदर्शन में आयोजित इस यात्रा में कुल 389 सदस्यीय दल ने भाग लिया, जिसमें 344 विद्यार्थी, 26 शिक्षक, 11 एमपीसीएसटी अधिकारी तथा 3 वरिष्ठ अधिकारी एवं 1 बाल सदस्य, साथ ही आईआरसीटीसी के 4 सदस्य शामिल रहे। यह व्यापक सहभागिता इस बात का प्रमाण है कि राज्य स्तर पर विज्ञान शिक्षा को अनुभवात्मक बनाने की दिशा में गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं।

यात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र का भ्रमण किया, जहां प्रथम एवं द्वितीय लांच पैड, रॉकेट प्रक्षेपण की जटिल प्रक्रियाएं और मिशन नियंत्रण प्रणाली को निकट से समझने का अवसर मिला। इसके अतिरिक्त इंडियन डीप स्पेस नेटवर्क की 32 मीटर एंटीना सुविधा ने अंतरिक्ष संचार के वैज्ञानिक आयामों को स्पष्ट किया। चेन्नई के बिरला तारामंडल तथा बेंगलुरु स्थित इसरो केंद्रों के अवलोकन ने खगोल विज्ञान, उपग्रह प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष अनुसंधान की बहुआयामी प्रक्रियाओं को समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

शिवाजी तोमर ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि "पुस्तकों में पढ़ा गया विज्ञान जब प्रत्यक्ष रूप में सामने आता है, तो वह विद्यार्थियों के मन में स्थायी छाप छोड़ता है।" वहीं मयंक रघुवंशी ने बताया कि प्रयोगशाला आधारित शिक्षण में ऐसे अनुभव अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगे।

यात्रा के दौरान 'एक्सपेरिमेंटल लर्निंग' को भी विशेष महत्व दिया गया, जहां ऑडिटोरियम में 'फन विद केमिस्ट्री' जैसे सत्रों के माध्यम से वैज्ञानिक अवधारणाओं को सरल एवं रोचक तरीके से प्रस्तुत किया गया। इससे विद्यार्थियों में जिज्ञासा और नवाचार की भावना को प्रोत्साहन मिला।

रायसेन जिले के इन शिक्षकों की सहभागिता यह दर्शाती है कि क्षेत्रीय स्तर पर भी विज्ञान शिक्षा को सुदृढ़ करने के लिए प्रभावी पहल की जा रही है। यह यात्रा न केवल ज्ञानार्जन का माध्यम बनी, बल्कि विद्यार्थियों और शिक्षकों दोनों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत भी सिद्ध हुई।

**चौथे दिन भी किसान संघ का तहसील के सामने धरना रहा जारी**

## 'समर्थन मूल्य' पर गेहूं बेचने में स्लाट बुक की बाधा नहीं हुई दूर

**क्षेत्र में 14 वर्ष पूर्व भी पिपरिया चौराहे पर हुआ था बड़ा आंदोलन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली




भारतीय किसान संघ का किसानों की समस्याओं को हल करने 25 अप्रैल से प्रारंभ हुआ धरना आन्दोलन मंगलवार को चौथे दिन भी जारी रहा। सोमवार को एमडीएम सन्तोष मुदगल किसानों के धरना स्थल पर पहुंचे थे। एक-दो दिन में स्लाट बुक की बाधा, समस्या दूर न होने से समर्थन मूल्य पर गेंहू बेचने, तौल कराने वाले किसान भारी हैरान-परेशान बने हुए है।

भारतीय किसान संघ द्वारा 2012 में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर पिपरिया रोड़ चौराहे पर धरना आन्दोलन किया जा रहा था। आन्दोलन अचानक उग्र हो जाने के साथ पुलिस की गोली लगने से एक किसान की मौत हो गई थी। किसान संघ का धरना स्थल वहीं है। 2012 के आन्दोलन जैसा डेरा डाल कर धरना स्थल पर रहने के साथ दाल-बाटी के भोजन बना और खा रहे है।

**चौथे दिन भी धरना जारी**

समर्थन मूल्य पर गेंहू बेचने में सबसे बड़ी बाधा और समस्या स्लाट बुक की आ रही है। इसी के साथ बिल न बनने से किसानों को बैची गई उपज का समय पर भुगतान नहीं हो रहा है।

किसान संघ द्वारा स्लाट बुक व्यवस्था को समाप्त कर पंजीयन कराने वाले सभी किसानों का गेंहू खरीदे जाने की मांग की जा रही है। इसी के साथ खाद् के लिए ई-टोकन प्रणाली को भी समाप्त करने की मांग की जा रही है। चार दिनों से किसान संघ का धरना आन्दोलन दिशा में कोई ठोस कार्यवाही प्रगति न होने से किसानों में असन्तोष का माहौल बना नजर आ रहा है।

## गेहूं तुलाई को लेकर मचा बवाल किसानों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ दीवानगंज



भोपाल-विदिशा हाईवे 18 स्थित दाल मिल चौराहा दीवानगंज पर उस समय हड़कंप मच गया, जब किसानों ने नीरा वेयरहाउस में गेहूं तुलाई नहीं होने से नाराज होकर चक्का जाम कर दिया। देखते ही देखते हाईवे के दोनों तरफ करीब 3 किलोमीटर लंबी वाहनों की कतार लग गई, जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया।

किसानों का आरोप है कि वेयरहाउस में सर्वर ऑपरेटर पैसे लेकर ट्रालियों को प्राथमिकता दे रहा है, जबकि सामान्य किसानों की ट्रालियां घंटों से खड़ी हैं। किसानों ने बताया कि वे पूरी रात जागकर स्लॉट बुक कर रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद उनकी तुलाई नहीं हो पा रही। दिलीप लोधी, हेमराज कुशवाहा, देवी राम, अभिषेक मीणा का कहना है कि हम सुबह 7 बजे से भूखे प्यासे धूप में ट्राली लेकर खड़े हुए हैं। दोपहर 2 बज गए अभी तक ट्राली की तुलाई नहीं हो सकी है।

स्थिति उस समय और गंभीर हो गई जब किसानों ने बताया कि आज गेहूं खरीदी की अंतिम तारीख है, ऐसे में तुलाई नहीं होने से उनकी मेहनत पर पानी फिर सकता है।

सूचना मिलते ही मौके पर सांची नायब तहसीलदार ललित सक्सेना, सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी और दीवानगंज चौकी प्रभारी सुनील शर्मा पहुंचे। अधिकारियों ने किसानों से बातचीत कर उन्हें समझाइश दी, जिसके बाद काफी पुलिस द्वारा बड़ी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया गया और यातायात बहाल हुआ।

## क्षेत्र के सूखे नदी-नाले, पानी के लिए परेशान हो रहे हजारों मवेशी

### बारना बांध की नहरों में पानी छोड़ने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली



बारना बांध की नहरों में पानी बंद होने के साथ क्षेत्र के नदी नालों का पानी सूखना बंद हुआ। अप्रैल माह में नदी नालों का पानी पूरी तरह सूख जाने से नदी नालों में रेत ही रेत दिखलाई दे रही है। रेत में बच्चे कही-कही क्रिकेट खेल का अभ्यास करते दिखलाई दे जाते है।

नदी नालों में जलाभाव का कारण उनके जल ग्रहण क्षेत्र में वृक्षों की कटाई, ईंटों का निर्माण और पानी का सिंचाई में उपयोग करना मुख्य कारण बन रहा है। नदियों में पानी न रहने से ग्रामीण क्षेत्र के हजारों मवेशी पानी पीने के लिए हैरान-परेशान हो रही है। इसी कारण किसानों द्वारा भीषण गर्मी के बने मौसम में बारना बांध का पानी नहरों में छोड़ने की मांग की जा रही है। जिससे मवेशियों को पीने का पानी उपलब्ध हो सके।

क्षेत्र में ट्यूबवेलों का तेजी से उत्खनन हो रहा है। हजारों किसान गर्मी में मूंग की खेती करने में पानी का भारी उपयोग कर रहे है। नदी नालों का पानी पूरी तरह सूख जाने, तालाबों में पानी न होने से भू-जल स्तर तेजी से नीचे खिसकता जा रहा है। क्षेत्र में भू-जल स्तर 40-50 मीटर तक पहुंच चुका है। हालात इसी प्रकार बने रहे तो इसी वर्ष 2-3 मीटर और नीचे खिसक सकता है।

**नहरों में छोड़ा जाए पानी**

क्षेत्र में सेंकड़ों कि.मी. बारना बांध की नहरे फैली हुई है। इस वर्ष बांध में पानी भरपूर मात्रा में उपलब्ध है। नहरों में बांध से छोड़ा गया पानी नदी नालों में पहुंचने से हजारों मवेशियों की पीने के पानी की समस्या हल होगी। इसी के साथ गिर रहा भू-जल स्तर भी कम होगा।

खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने खरीदी केंद्रों पर देखी तुलाई व्यवस्था



**सिलवानी।** मंगलवार को कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा ने तहसील के ग्राम पठा और जमुनिया का दौरा कर उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपज की गुणवत्ता, तुलाई कार्य, भंडारण व्यवस्था और किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों और केंद्र प्रभारियों से अब तक उपार्जित उपज की मात्रा, बारदाने की उपलब्धता और किसानों को किए जा रहे भुगतान की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि उपार्जन कार्य शासन की नीति के अनुरूप पारदर्शिता के साथ किया जाए और किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। ग्राम जमुनिया में स्थित पारसनाथ उपार्जन केंद्र तथा ग्राम पठा के राज राजेश्वरी वेयर हाउस का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने तुलाई की निगरानी की। उन्होंने भंडारण व्यवस्था को दुरुस्त रखने पर विशेष जोर दिया।

### काम अधूरा ही छोड़कर भागा ठेकेदार, अब दूसरे को मिलेगा काम

# दो माह से अधूरा पड़ा नाला, लकड़ी के पटिए रखकर आवागमन कर रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर में ड्रेनेज सिस्टम सुधारने के लिए करोड़ों रुपए की लागत से चल रहे नाला निर्माण कार्य अब रहवासियों और राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। नगर पालिका द्वारा करीब 3 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से कराया जा रहा यह निर्माण बीते दो महीनों से अधूरा पड़ा है। काम रुकने के कारण खासकर फॉरेस्ट कॉलोनी के रहवासियों को आवागमन में भारी समस्या झेलना पड़ रही है।

- करीब तीन करोड़ रुपए की लागत से हो रहा नाले का निर्माण

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार नाला निर्माण का जिम्मा भोपाल के ठेकेदार अनमोल सिंह को दिया था, लेकिन उन्होंने बीच में ही काम छोड़ दिया। बताया जा रहा है कि ठेके में नुकसान होने की आशंका के चलते ठेकेदार द्वारा काम बंद कर साइट छोड़कर चला गया। इसके बाद नगर पालिका और पीडब्ल्यूडी ने यह कार्य बरेली के एक अन्य ठेकेदार को सौंप दिया, लेकिन लापरवाही का आलम है कि अब तक उसने भी निर्माण कार्य शुरू नहीं किया है। ऐसे में अधूरा पड़ा नाला अब लोगों के लिए खतरा बना हुआ है।



#### नाले पर लकड़ी के पटिए रखकर कर रहे आवागमन

माता मंदिर स्थित फॉरेस्ट कॉलोनी से कच्ची पुलिया के बड़े नाले से जोड़ने वाला यह निर्माण अधूरा है। इसी तरह महात्मा गांधी प्रतिमा से सागर रोड़ स्थित पाटनदेव तक बनने वाला दूसरा नाला भी अधूरा पड़ा है। इन क्षेत्रों में सड़क और रास्ते खोद दिए हैं, जिससे लोगों का घरों तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। रहवासियों ने बताया कि मजबूरी में उन्हें लकड़ी के पटिए का सहारा लेकर नाले को पार करना पड़ रहा है। यह व्यवस्था न सिर्फ असुविधाजनक है, बल्कि बेहद जोखिम भरी भी है। फॉरेस्ट कॉलोनी निवासी अनिल रजक, निरंजन कुशवाहा और कल्लू यादव का कहना है कि बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं रोजाना जान जोखिम में डालकर रोजाना आवाजाही कर रहे हैं, कई बार लोग फिसलते-फिसलते बचे हैं।

#### गंदगी-बदबू से परेशानी

अधूरे नाले में गंदा पानी जमा हो गया है, जिससे आसपास के क्षेत्रों में बदबू फैल रही है। गर्मी के मौसम में सड़ांध इतनी बढ़ गई है कि लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो गया है। रहवासियों का कहना है कि इससे बीमारियों का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है। लेकिन सफाई या निर्माण को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे।

#### जल्द काम शुरू होने का दावा

मामले में पीडब्ल्यूडी के सब इंजीनियर रमन कुमार ने कहा कि नए ठेकेदार से दोबारा सर्वे कराया जाएगा और जल्द ही अधूरे नाले का निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कार्य पूर्ण होते ही रहवासियों की समस्या का समाधान हो जाएगा और आवागमन सुगम हो सकेगा। फिलहाल, रहवासी जल्द समाधान की उम्मीद में हैं। यदि समय रहते निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ, तो यह अधूरा नाला किसी बड़े हादसे को न्यौता दे सकता है।

### जिलेभर में 28 अप्रैल की शाम तक पोर्टल पर 82 हजार 884 स्व-गणना की गई

## जनगणना: स्वगणना में रायसेन जिला प्रदेश में पहले स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



जनगणना-2027 के तहत 30 अप्रैल तक स्व-गणना के लिए पोर्टल पर विशेष सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जिले में अधिक से अधिक लोग इस अवधि में स्व-गणना पूर्ण करें, इसके लिए कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा के निर्देशन में जिले में मिशन मोड में कार्य किया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप रायसेन जिला स्वगणना में प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। जिले में 28 अप्रैल तक 82884 स्वगणना की गई हैं, जो कि पूरे प्रदेश में सर्वाधिक है।

कलेक्टर ने कहा कि यह उपलब्धि सभी एसडीएम, जनपद सीईओ, तहसीलदार, सीएमओ सहित विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों व प्रगणकों के अथक परिश्रम और नागरिकों के सहयोग का परिणाम है। जिले में स्वगणना कार्य की प्रतिदिन की प्रगति की मॉनीटरिंग की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि जिले में कलेक्टर के निर्देशन में स्वगणना के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के साथ इसकी प्रक्रिया भी बताई जा रही है। अमले द्वारा पंचायतों और वार्डों में शिविर लगाकर स्वगणना की प्रक्रिया पूर्ण कराई जा रही है।

### कोर्ट ने जमानत याचिका भी की खारिज

## जानलेवा हमले के दो आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े, भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



थाना कोतवाली पुलिस ने जानलेवा हमले के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जिला जेल पठारी भेज दिया गया।

बता दें कि विगत 24 अप्रैल को फरियादी दिनेश पिता लालाराम रैकवार एवं उसके भाई मुकेश रैकवार निवासी राहुल नगर ने थाना कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया कि 23-24 अप्रैल की दरमियानी रात करीब 1:30 बजे आरोपियों ने घर में घुसकर शराब बेचने की बात को लेकर विवाद किया और तलवार एवं डंडों से प्राण घातक हमले किए थे, जिससे फरियादी दोनों भाइयों को गंभीर चोटें आईं। मामले को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की।

थाना प्रभारी नरेंद्र गोयल ने बताया कि फरार आरोपियों नरेश ठाकुर (34), हाल निवास किनगी एवं अमन यादव (22) निवासी ग्राम भादनेर को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश किया, जहां उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई। इसके बाद उन्हें जिला जेल पठारी भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि मामले में आबकारी शराब ठेकेदार के अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## वार्डों में जाकर अध्यक्ष-पार्षदों ने कराई रहवासियों से स्वगणना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

जनगणना के प्रथम चरण के तहत मंगलवार को नगर परिषद अध्यक्ष एवं पार्षदों ने वार्डों का भ्रमण कर महिलाओं को स्वगणना के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार लोग घर बैठे मोबाइल से अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में कई महिलाओं ने मौके पर ही अपनी और अपने परिवार की स्वगणना पूरी की। इस दौरान नारी शक्ति के सहयोग से अभियान को नई गति मिली। वहीं विगत दिवस रविवार को कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा ने पहुंचकर प्रगणकों को निर्देश दिए कि प्रत्येक मकान की जानकारी स्पष्ट और सटीक होनी चाहिए।

इस दौरान नप अध्यक्ष ममता धर्मेंद्र चौहान, मोनिका वर्मा, रीना सोनी, सीएमओ ज्योति शिवहरे, उपयंत्री विभूति दरबार अन्य कर्मचारी, नागरिक उपस्थित रहे।

## शव रखकर परिजनों ने हाईवे पर किया चक्काजाम

### परिजनों का आरोप- समय पर नहीं मिल सका इलाज इसलिए हुई युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेगमगंज

जिले के सुल्तानगंज बस स्टैंड चौराहे पर युवक की मौत के बाद हालात तनावपूर्ण हो गए, जहां परिजनों और ग्रामीणों ने शव रखकर करीब ढाई घंटे तक हाईवे जाम कर दिया। इस दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा।



जानकारी के अनुसार ग्राम देगुवा निवासी सरमन शिल्पकार के पुत्र आदित्य ने पारिवारिक विवाद में फांसी लगाने का प्रयास किया था। परिजन उसे तत्काल नीचे उतारकर सुल्तानगंज शासकीय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां युवक को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने आरोप लगाए है कि जिस समय युवक को अस्पताल लेकर पहुंचे, तब डॉक्टर मौजूद नहीं थे और न ही समय पर उचित इलाज व 108 एंबुलेंस की सुविधा मिल पाई, जिससे युवक की मौत हो गई। वहीं स्टाफ नर्स का कहना है कि युवक अस्पताल पहुंचने से पहले ही मृत था।

घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सड़क पर हंगामा किया। सूचना मिलते ही तहसीलदार देवेंद्र शुक्ला, एसडीओपी सोनाली गुप्ता, सिलवानी टीआई संजय परते, बेगमगंज टीआई राजीव उईके और सुल्तानगंज थाना प्रभारी श्यामराज सिंह राजपूत मौके पर पहुंचे।

एसडीओपी सोनाली गुप्ता ने संवेदनशीलता के साथ परिजनों से संवाद किया और निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया। वहीं एसडीओपी अनिल मौर्य द्वारा तीन दिनों में जांच कर दोषियों पर कार्रवाई के आश्वासन के बाद परिजनों ने चक्का जाम समाप्त किया।

